Roll No. ________________

V—129

Annual Examination, 2020

B.A. Part II

हिन्दी साहित्य

Paper II

(हिन्दी निबन्ध तथा अन्य गद्य विधाएँ)

Time : 3 Hours] [MAXIMUM MARKS : 75

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

इकाई–I

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिए—(कोई तीन) **21**

(क) सांचे मारे मारे डोलै। छली दुष्ट सिर चढ़ि-चढ़ि बोलै।

प्रगट सकय अन्तर छलधारी। सोई राज सभा बलभारी॥

सांच कहै ते पनही खावैं। झूठे बहुविधि पदवी पावैं॥

छलियन के एका के आगे। लाख कहो एकहु नहिं लागे॥

Scanned with OKEN Scanner

(ख) अगर हमारी जिन्दगी के दिन अभी खत्म न होते। हम एक बार फिर शमशीर लेकर मैदाने जंग में जाते, बागियों से कहते—कम्बख्तों ! आलमगीर कमजोर नहीं है। उनकी तलवार में अब भी चिन्गारियाँ हैं। घुटने टेककर गुनाहों की माफी माँगों, नहीं काफिरों ! दोज़ख का रास्ता खून की नहर से है।

(ग) हाँ, मेरे लिए हिन्दुस्तान एक अछोर विस्तार है, एक अखंड संवत्सर है, एक निरंतर चलने वाला सर्वमेध है, जिसमें होता हवि को ग्रहण करने वाले परस्पर भूमिका बदलते रहते हैं। निरपेक्ष रूप में न कोई होता, न हवि है, न हवि का भोक्ता। इसलिए गाँव में रहूँ चाहे न रहूँ गाँव मुझमें बराबर रहता है।

(घ) इस युग में हम अपना सब कुछ विदेशी आँखों में देख रहे हैं। स्वतन्त्रता का उत्सव हम मना रहे हैं अपने को भूलकर अपने गुण और अपनी मान्यताओं को भूलकर। आगे चलने में जो पीछे घूमकर देखते नहीं थे, वही अब दूसरों के पीछे सरपट दौड़ रहे हैं।

(ङ) नाटक में महाकाव्य और उपन्यास जैसी बाह्यार्थता रहती है किन्तु पात्रों की प्रगति काव्य जैसी भाव-परायणता भी रहती है। नेत्रों के अनुरंजन के साथ शिक्षा और उपदेश 'कान्ता सम्मितयोपदेशयुजे' की उक्ति को सार्थक करता है। नाटक में उपन्यास की-सी वास्तविकता के साथ महाकाव्य के-से आदर्श की व्यंजना रहती है। नाटक एक साथ मनोरंजन और शिक्षा का कारण बन जाता है।

Scanned with OKEN Scanner

इकाई–II

2. 'अंधेर नगरी' से क्या शिक्षा मिलती है ? उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालिए। **12**

अथवा

'उस अमराई ने राम-राम कही है' का सारांश लिखिए।

इकाई–III

3. एकांकी के तत्वों के आधार पर 'दस हजार' की समीक्षा कीजिए। **12**

अथवा

एकांकी के तत्वों के आधार पर 'स्ट्राइक' की समीक्षा कीजिए।

इकाई–IV

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए— **15**

   (i) महादेवी वर्मा का गद्य रचनाएँ।

   (ii) राहुल सांकृत्यायन का व्यक्तित्व-कृतित्व।

   (iii) हबीब तनवीर का रंग प्रदेय।

   (iv) 'बेईमानी की परत' की भाषागत विशेषताएँ।

   (v) हिन्दी एकांकी का उद्भव-विकास।

Scanned with OKEN Scanner

हिन्दी प्र

इकाई–V

5. अति संक्षेप में उत्तर दीजिए—(**कोई पन्द्रह**)

(i) 'भारत दुर्दशा' किसकी रचना है ?

(ii) 'दीपदान' किसकी रचना है ?

(iii) राजनाथ किस एकांकी का पात्र है ?

(iv) 'अंधेर नगरी' में फाँसी पर कौन चढ़ता है ?

(v) 'कनैला की कथा' किसकी कहानी संग्रह है ?

(vi) महादेवी वर्मा का जन्म किस सन् में हुआ था ?

(vii) 'शाजापुर की शातांबाई' नाटक के रचनाकार हैं ?

(viii) 'गोस्वामी तुलसीदास' किसकी समीक्षात्मक कृति है

(ix) 'अशोक के फूल' किसकी कृति है ?

(x) बाबू गुलाबराय किस युग के निबन्धकार हैं ?

(xi) 'छितवन की छाँह' किसकी कृति है ?

(xii) 'भूत के पाँव पीछे' किसकी कृति है ?

(xiii) 'आधुनिक मीरा' किसे कहते हैं ?

(xiv) 'चरनदास चोर' नाटक किसने लिखा है ?

(xv) हिन्दी के किसी एक ललित निबन्ध-लेखक का नाम लिखिए।

(xvi) शहर और गाँव का अंतर्विरोध आपके पाठ्यक्रम में सम्मिलित किस निबन्ध में व्यक्त हुआ है ?

(xvii) आपके पाठ्यक्रम में सम्मिलित किस निबन्धकार ने हिन्दी साहित्य का व्यवस्थित इतिहास लिखा ?

(xviii) 'क्या लिखूँ' निबन्ध के लेखक का नाम बताइए।

(xix) नाट्यशास्त्र की रचना किसने की थी ?

(xx) किसी एक ऐतिहासिक नाटक का नाम बताइए।

✪✪✪✪✪ B ✪✪✪✪✪

Scanned with OKEN Scanner